## संपादकीय


# आतंकवाद पर प्रहार

भारतीय वायुसेना ने नियंत्रण रेखा पार करके जैश-ए-मोहम्मद के कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। हालांकि पाकिस्तान ने किसी तरह के नुकसान से इनकार किया है। मंगलवार तड़के भारतीय वायुसेना के करीब 12 मिराज विमानों ने पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद, बालाकोट और चकोटी में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कई ठिकानों पर भीषण बमबारी कर उन्हें नष्ट कर दिया। विदेश सचिव विजय गोखले ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली थी कि 12 दिन पहले पुलवामा हमले को अंजाम देने के बाद जैश-ए-मोहम्मद भारत में एक और आत्मघाती आतंकी हमला करने की साजिश रच रहा है।

उन्होंने कहा कि मंगलवार सुबह चलाए गए अभियान में जैश के अनेक आतंकवादी, प्रशिक्षक, शीर्ष कमांडर और फिदायीन मारे गए। दरअसल पुलवामा में आतंकी हमले के बाद से भारत ने ही नहीं पूरी दुनिया ने पाकिस्तान से आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा, लेकिन पाकिस्तान ने जबानी जमाखर्च के सिवाय कुछ नहीं किया। पिछले कुछ वर्षों से भारत आतंकी कार्रवाइयों से आजिज आ चुका है। उसने बार-बार पाकिस्तान को सबूत दिए, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया, मसले को कूटनीतिक तरीके से सुलझाने की कोशिश भी की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। बार-बार विभिन्न स्रोतों से ऐसी खबरें आती रहीं कि पाकिस्तान के कई इलाकों में अनेक आतंकी संगठन बाकायदा अपने कैंप चला रहे हैं। कई देशों की खुफिया रिपोर्टों और अध्ययनों में यह बात भी सामने आई कि इन संगठनों को पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई का समर्थन हासिल है। शायद यही वजह थी कि उन संगठनों के कई नेता खुलेआम वहां भारत के खिलाफ जहर उगलते नजर आते हैं। इन स्थितियों में भारत के पास एक सख्त संदेश देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था।

पुलवामा हमले के बाद अमेरिका और अन्य कई देशों ने हमारे पक्ष का समर्थन किया और स्पष्ट कहा कि भारत को आत्मरक्षा का अधिकार है। अमेरिका खुद भी पाकिस्तान की सीमा में गहराई तक घुसकर आतंकवाद के विरुद्ध इस तरह के कदम उठा चुका है। भारत ने साफ किया है कि यह हमला पाकिस्तान और पाकिस्तानियों के खिलाफ नहीं है। भारतीय वायुसेना ने केवल जैश-ए-मोहम्मद के उन ठिकानों को निशाना बनाया जो नागरिक इलाकों से दूर घने जंगल में पहाड़ियों पर थे। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी का कहना है कि पाकिस्तान माकूल समय पर इसका जवाब देगा। बेहतर होगा कि पाकिस्तान हालात को समझे। भारतीय कार्रवाई आतंकियों के खिलाफ है जिनसे खुद पाकिस्तान के लोग भी परेशान हैं। भारतीयों में आम पाकिस्तानियों के प्रति विद्वेष का भाव नहीं है। भारत चाहता है कि उसके पड़ोसी खुद चैन से रहें और हमें भी चैन से रहने दें। यह तभी संभव है जब पाकिस्तानी हुकूमत आतंकी संगठनों पर शिकंजा कसे।

# आतंकियों कार्रवाई से गदगद हुए रतन टाटा, ट्वीट कर कहा- 'गर्व है



नई दिल्ली। दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा ने भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी संगठन ' जैश-ए-मोहम्मद' के कैंप पर किए गए हवाई हमलों की बुधवार को तारीफ की. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता की भी सराहना की है. रतन टाटा ने ट्वीट में कहा, हम पाकिस्तान में चल रहे आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर हवाई हमले के लिए प्रधानमंत्री और भारतीय वायुसेना को बधाई देते हैं. पाकिस्तान अपने यहां आतंकी शिविर नहीं होने का दावा करता रहा है. भारत को अपने जवानों पर हुए आत्मघाती हमले के बदले में की गई जवाबी कार्रवाई पर गर्व है. भारत ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) से करीब 80 किलोमीटर दूर पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के बालाकोट में जैश - ए - मोहम्मद के सबसे बड़े प्रशिक्षण केंद्र पर बम गिराए. भारत की इस कार्रवाई में बड़ी संख्या में आतंकवादी, प्रशिक्षक एवं शीर्ष कमांडर मारे गए. उल्लेखनीय है कि जम्मू - कश्मीर के पुलवामा जिले में जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे.

इस घटना के 12 दिन बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई की.केन्द्रीय मंत्री और पूर्व थल सेना प्रमुख वी के सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत को पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शिविर पर हवाई हमला इसलिए करना पड़ा क्योंकि इस्लामाबाद ने उसकी धरती पर आतंकी गतिविधियों पर कार्रवाई करने के कई मौके दिये जाने के बावजूद ''कोई कार्रवाई नहीं की.'' पाकिस्तान की इस प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर कि इस्लामाबाद के पास अब ''आत्मरक्षा में जवाब देने का अधिकार है'', सिंह ने कहा, ''मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है, लेकिन वे जो भी करें, ध्यानपूर्वक सोच-समझकर करें.'' सिंह ने यहां एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से कहा, ''पाकिस्तान को कई मौके दिये गये और उसकी धरती से बढ़ावा दी जाने वाली आतंक से जुड़ी गतिविधियों पर कार्रवाई करने को कहा गया. उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की.'' उन्होंने कहा, ''उनकी (पाकिस्तान) तरफ से कोई संभावित कार्रवाई नहीं की गई, इसलिए भारत को इन तत्वों पर लगाम कसने के लिए अपनी तरफ से कुछ करना पड़ा.''

# बैंक खाते से लिंक नहीं है पैन कार्ड तो होगा बड़ा नुकसान

### लागू होगा नया नियम



नई दिल्ली (आरएनएस)। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट सिर्फ ई-रिफंड्स ही जारी करेगा और यह भी उन्हीं बैंक अकाउंट्स में जारी किए जाएंगे जो पैन (पैन) से जुड़े होंगे. 1 मार्च 2019 से आईटी डिपार्टमेंट ई-मोड के जरिए रिफंड जारी करेगा. टैक्स रिफंड पाने के लिए टैक्सपेयर्स को अपने बैंक अकाउंट को पैन करना होगा. अगर आपका पैन आपके बैंक अकाउंट से नहीं जुड़ा है तो इनकम टैक्स रिफंड पाने के लिए आपको अपने बैंक ब्रांच को जल्दी जरूरी डिटेल देने होंगे. बुधवार को जारी एडवाइजरी के मुताबिक, टैक्सपेयर को अपना बैंक अकाउंट पैन से लिंक करना अनिवार्य है. इससे उनको टैक्स रिफंड सीधे बैंक अकाउंट में मिल जाएगा जो सुरक्षित है. फिलहाल, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट टैक्सपेयर्स को रिफंड उनके बैंक अकाउंट या अकाउंट पे चेक के द्वारा करता है.

# RBI करेगा नियम कड़े, बैंक कर्मचारियों के ज्यादा वेतन पर लग सकती है रोक



नई दिल्ली। बैंक के बड़े अधिकारियों को बहुत ज्यादा वेतन देने पर रोक लगाने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक (आरबीआई) नियम कड़े की तैयारी कर रहा है। इसमें अधिक वेतन वापस लेने का प्रावधान भी शामिल हैं। आरबीआई ने इस संबंध में एक परिचर्चा पत्र जारी किया है।

आरबीआई (RBI) का प्रस्ताव है कि बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पूर्ण कालिक निदेशक और अन्य प्रमुख कार्मिकों का वैरिएबल वेतन उनके तय वेतन के 200 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता। पहले वैरिएबल वेतन पर तय वेतन के 70 प्रतिशत तक की सीमा तय थी लेकिन इसमें कर्मचारियों को दी जाने वाली शेयर विकल्प योजना शामिल नहीं थी।

रिजर्व बैंक के नए परिचर्चा पत्र में वेतन नियमों में बदलाव करने का प्रस्ताव है।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चीनी युआन कमजोर

बीजिंग (आरएनएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चीन की मुद्रा युआन में गुरुवार को गिरावट रही।

डॉलर के मुकाबले युआन 44 आधार अंकों की गिरावट के साथ 6.6901 पर है। चीन के हाजिर विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में युआन को प्रत्येक कारोबारी दिन केंद्रीय समता मूल्य से अधिकतम दो फीसदी कमजोर होने या मजबूत होने दिया जा सकता है।

# घरेलू मैदान पर चेन्नइयन का सामना करेगी गोवा




फातोर्दा (गोवा) (आरएनएस)। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के पांचवें सीजन के प्लेऑफ में प्रवेश कर चुकी एफसी गोवा की टीम आज यहां अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चेन्नइयन एफसी से भिड़ेगी।

अपने पिछले मैच में बेंगलुरू एफसी के हाथों करारी शिकस्त झेलने वाली गोवा की टीम प्लेऑफ से पहले जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी। सर्गियो लोबेरा की इस टीम ने इस सीजन में सबसे अधिक गोल किए हैं। फेरान कोरोमिनास और इदु बेदिया की शानदार सफलता ने बड़ी आसानी से टीम को प्लेआफ में पहुंचा दिया।

गोवा को यहां तक पहुंचाने में उसके डिफेंस का बहुत बड़ा योगदान रहा है। बेंगलुरू के खिलाफ मिली हार को भूल जाया जाए तो इस टीम ने कुल पांच क्लीन शीट्स मेंटेन किए हैं।

दूसरी ओर, बीत साल के चैम्पियन के लिए यह सीजन किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है। इस टीम को जीत की सख्त जरूरत है क्योंकि इस सीजन में उसके अंकों की संख्या दहाई तक भी नहीं पहुंच सकी है। अब अगर उसे गुरुवार को जीत नहीं मिलती है तो उसके लिए यह काफी शर्मनाक स्थिति होगी।

जान ग्रेगोरी की टीम के खाते में नौ अंक हैं और उसका लीग तालिका में सबसे नीचे रहना तय है।

यह टीम अब कम से कम 12 अंक अपने खाते में डालना चाहेगी क्योंकि वह लीग के इतिहास में एक सीजन में सबसे कम अंक हासिल करने का रिकार्ड बनाने की कगार पर है। बीते सीजन में नार्थईस्ट युनाइटेड एफसी वे सिर्फ 11 अंक हासिल किए थे।

# कप्तान एरॉन फिंच ने की इस गेंदबाज की तारीफ



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे और अंतिम टी-20 क्रिकेट मैच में भारत को सात विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर ली. मेहमान टीम ने पहला मैच भी तीन विकेट से जीता था. इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल के तूफानी पारी ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. मैक्सवेल ने पहले मैच भी बढ़िया बल्लेबाजी की थी. भारत में पहली बार टी-20 द्विपक्षीय सीरीज जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरॉन फिंच ने कहा कि भारत में कोई भी सीरीज जीतना बेहद खास है. फिंच ने मैक्सवेल के अलावा गेंदबाज एडम जम्पा की भी तारीफ की. इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर ली. मेहमान टीम ने पहला मैच भी तीन विकेट से जीता था. फिंच ने मैच के बाद कहा, भारत के खिलाफ भारत में किसी भी तरह की सीरीज जीतना बेहद खास है. मैक्सवेल ने शानदार पारी खेली. मैं यहां एडम जम्पा का भी उल्लेख करना चाहूंगा।

## आज का राशिफल

मेषः- आज के दिन अपने निजी विचारों पर सोचसमझकर कार्य करने की सलाह गणेशजी दे रहे हैं। परिजनों के कार्य करते समय आपको समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभः- आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावनाएं हैं। मन में उत्साह और विचारों की स्थिरता के कारण सभी कार्य आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मिथुनः- आपकी वाणी और वर्तनी के कारण भ्रांति खड़ी न हो इसका ध्यान रखें। आवेश और उग्रता पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आंखों में तकलीफ हो सकती है।

कर्कः- आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिता सकते हैं। जो लोग अविवाहित हैं उनके लिए आज विवाह से जुड़े शुभ संयोग बने हैं।

सिंहः- आपके कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव आज पड़ेगा। उच्च अधिकारियों पर आपके कार्य का सकारात्मक असर होने से आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप आज अपना कार्य दृढ़ मनोबल और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ संपन्न करेंगे।

कन्याः- आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। मन चिंता से व्यग्र रहेगा। शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव रहने से थकान और अशक्ति का अनुभव होगा।

तुलाः- किसी के साथ वाद-विवाद या झगड़ा न करें। क्रोध न करें। वाणी और वर्तन पर संयम बरतना आप ही के हित में है। शत्रुओं से भी सावधान रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिकः- आज का दिन आपके लिए मनोरंजन का दिन है। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक में आज का दिन बहुत अच्छी तरह से बीतेगा। वस्त्राभूषण, वाहन और भोजन का अच्छा सुख प्राप्त होगा।

धनुः- आज का दिन आपके लिए बहुत अनुकूल है ऐसा गणेशजी कहते हैं। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रूप से प्रफुल्लता का अनुभव करेंगे।

मकरः- आज के दिन शारीरिक रूप से आलस्य, थकान, अशक्ति रहने के कारण अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। मानसिक रूप से भी आपको चिंता सताएगी।

कुंभः- स्वभाव में हठीलापन छोड़ने के लिए गणेशजी आप को सूचित करते हैं। अधिक भावुकता के कारण मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। सामाजिक रूप से सम्मान का भंग न हो इसका ध्यान रखें।

मीनः- आवश्यक निर्णय लेने के लिए आज का दिन शुभ है। सृजनात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। विचारों में स्थिरता तथा मन में दृढ़ता रहने से आप अपना कार्य बहुत अच्छी तरह से कर सकेंगे।

# जानिए- मार्च महीने महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार

साल 2019 का तीसरा यानी मार्च का महीना शुरू होने वाला है. हर महीने की तरह इस महीने में भी कई महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार दस्तक देने वाले हैं. इस बार मार्च महीने के दूसरे दिन विजया एकादशी और चौथे दिन महाशिवरात्रि का बड़ा त्योहार है. वहीं, इस महीने में होली का त्योहार भी मनाया जाएगा. मार्च महीने के अंत तक कई व्रत त्योहार दस्तक देंगे. आइए जानते हैं मार्च के महीने में किस दिन कौन से व्रत त्योहार पड़ेंगे, ताकि पहले से जानकारी रखकर आप उनसे जुड़ी तैयारियां कर सकें.

| तिथि | व्रत/त्योहार |
| --- | --- |
| 2 मार्च 2019 | विजया एकादशी |
| 3 मार्च 2019 | प्रदोष व्रत (कृष्ण) |
| 4 मार्च 2019 | महाशिवरात्रि |
| 6 मार्च 2019 | माघ अमावस्या |
| 8 मार्च 2019 | रामकृष्ण जयंती |
| 10 मार्च 2019 | विनायक चतुर्थी |
| 13 मार्च 2019 | रोहिणी व्रत |
| 14 मार्च 2019 | मासिक दुर्गाष्टमी |
| 15 मार्च 2019 | मीन संक्रांति |
| 17 मार्च 2019 | आमलकी एकादशी |
| 18 मार्च 2019 | प्रदोष व्रत (शुक्ल) |
| 20 मार्च 2019 | छोटी होली, होलिका दहन, हजरत अली का जन्मदिन |
| 21 मार्च 2019 | होली, फाल्गुन पूर्णिमा व्रत |
| 23 मार्च 2019 | शिवाजी जयंती |
| 24 मार्च 2019 | संकष्टी चतुर्थी |
| 27 मार्च 2019 | शीतला सप्तमी व्रत |
| 28 मार्च 2019 | शीतलाष्टमी |
| 31 मार्च 2019 | पापमोचिनी एकादशी |


# 8 मार्च को होने वाले भारत विरूद्ध आस्ट्रेलिया वनडे मैच की टिकट नहीं मिलेगी ऑनलाइन



नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की सीरिज 2 मार्च से शुरू होने जा रही है. इस सीरिज का तीसरा मैच 8 मार्च को रांची में खेला जाएगा. इस रांची में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह है. वहीं, जेएससीए के द्वारा मैच के टिकट को लेकर लिये गए फैसले से क्रिकेट फैंस में मायूषी है.

दरअसल, 8 मार्च को रांची जेएससीए स्टेडियम में भारत-ऑस्ट्रेलिया का वनडे मैच खेला जाना है. इस मैच को लेकर रांची के और अन्य स्थानों के क्रिकेट फैंस काफी उत्साहित है. वह इस मैच को देखने के लिए काफी खुश नजर आ रहा है. खासकर इस मैच में अपने होमग्राउंड पर महेंद्र सिंह धोनी भी खेलने वाले हैं. ऐसे में यह मैच यहां के लोगों के लिए और भी खास हो गया है.हालांकि, जेएससीए के द्वारा मैच के टिकट की बिक्री को लेकर अहम फैसला लिया है. उनका कहना है कि मैच के टिकट ऑनलाइन नहीं खरीदे जा सकेंग. इस फैसले से क्रिकेट फैंस में काफी मायूषी है. उनका कहना है कि अब इस मैच के लिए उन्हें टिकट लेना आसान नहीं होगा.जेएससीए प्रबंधन का कहना है कि मैच के लिए दर्शक लाइन में लगकर केवल काउंटर से ही टिकट ले सकते हैं.

# ऐसे बनाएं स्वादिष्ट सोया मटर पुलाव



सोया में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है. आपने सोया की सब्जी तो बहुत खाई होगी, पर क्या कभी इसे मिक्स कर पुलाव बनाया है? यह खाने में बहुत स्वादिष्ट लगता है.

एक नज़र

रेसिपी क्विजीन : इंडियन

कितने लोगों के लिए : 2 - 4

समय : 15 से 30 मिनट

मील टाइप : वेज

आवश्यक सामग्री

2 कप चावल

1 कप सोया चंक्स

1 कप मटर

1 प्याज बारीक कटा हुआ

1 टीस्पून काली मिर्च पाउडर

1 टीस्पून हरा धनिया बारीक कटा हुआ

नमक स्वादानुसार

तेल जरूरत के अनुसार

पानी जरूरत के अनुसार

विधि

- सबसे पहले मीडियम आंच में एक प्रेशर कूकर में चावल और पानी डालकर एक सीटी में चावल उबाल लें और आंच बंद कर दें.
- दूसरी तरफ मीडियम आंच में एक बर्तन में पानी में सोया डालकर उबाल लें.
- पुलाव बनाने के लिए अब मीडियम आंच में एक अलग पैन में तेल गरम करने के लिए रखें.
- तेल के गरम होते ही इसमें प्याज डालकर सुनहरा होने तक अच्छे से भूनें.
- अब इसमें सोया, मटर, और चावल डाल दें.
- नमक और काली मिर्च पाउडर मिलाएं और 5-8 मिनट तक पकाएं .
- तय समय के बाद आंच बंद कर दें.
- तैयार है सोया मटर पुलाव.

## शब्द सामर्थ्य-92

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 91 का हल**

| | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू-92

| | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 91 का हल**

| | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |